## खबर संक्षेप

### नशीली कैप्सूल और आनरेक्स सिरप के गोरखधंधे में दो आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** थाना जैतवारा पुलिस ने नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर बड़ी कार्रवाई की है।उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय,थाना प्रभारी जैतवारा,और उनकी टीम ने अपराध पतारसी के दौरान मिली मुखबिर सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपी निकिल सिंह पिता शिवकुमार सिंह,उम्र 28 वर्ष,निवासी ग्राम चंद,थाना कोटर,जिला सतना के कब्जे से 104 नग अवैध नशीली कैप्सूल और 12 नग अवैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप जब्त की गई। साथ ही,अवैध परिवहन में उपयोग की जा रही अर्टिगा कार क्र. **MP**19**ZP**6983 भी जब्त की गई।आरोपी सतेन्द्र चौधरी पिता सुंदरलाल चौधरी,उम्र 26 वर्ष,निवासी चिल्ला,थाना जैतवारा,जिला सतना के कब्जे से 10 नग अवैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप जब्त की गई।इस मामले में थाना जैतवारा में अपराध संख्या धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय सतना में पेश किया गया।आरोपियों के कब्जेसे 104 नग अवैध नशीली कैप्सूल व 22 नग प्रतिबंधित आनरेक्स कफ सिरप,अर्टिगा कार जप्त की गई है।जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 11,00,000(ग्यारह लाख रुपये) आँकी गई है।

### धोबहट ग्राम के देवी मंदिर में मूर्तियाँ खंडित,पुलिस जांच में जुटी



**मैहर।** धोबहट ग्राम में स्थित देवी मंदिर में बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा मूर्तियों को खंडित कर दिया गया। खंडित मूर्तियों में नंदी बाबा की मूर्ति भी शामिल है। सुबह पूजा के लिए ग्रामीणों के मंदिर पहुँचने पर घटना का पता चला,जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलने पर ताला पुलिस और मुकुंदपुर चौकी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुँची और जांच शुरू कर दी। पुलिस मंदिर के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज और मार्गों की जांच कर रही है। लोगों में बढ़ती नाराजगी को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर और गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भी मौके पर पहुँचकर निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया है।

### चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर आज व्यंकट क्रमांक एक सतना में

**सतना।** अपर परियोजना संचालक समग्र शिक्षा से.ए.भोपाल के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के औपचारिक पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर 17 नवम्बर को सतना जिला अंतर्गत संचालित विद्यालयों के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। सतना जिले में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन 17 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि.व्यंकट क्रमांक एक सतना में किया जायेगा। इस शिविर में विकासखण्ड मझगवां,नागौद, रामपुर बघेलान,सोहावल तथा उचेहरा के बच्चे शामिल होंगे।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर दो बीएलओ का रोका गया वेतन

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2025 में एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उदासीनता बरते जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा दो बीएलओ का माह नवम्बर 2025 का वेतन रोका गया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र 67 रामपुर बाघेलान के मतदान केन्द्र क्रमांक 78 सिजहटा की श्रीमती सुनीता माझी गुरूजी शासकीय प्राथमिक शाला कोल्हाड़ी संकुल केन्द्र सिजहटा तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 203 की बीएलओ स्नेहलता शुक्ला रोजगार सहायक ग्राम पंचायत इटमा नदीतीर शामिल है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 67 रामपुर बाघेलान द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक 78 सिजहटा की श्रीमती सुनीता माझी गुरूजी शासकीय प्राथमिक शाला कोल्हाड़ी संकुल केन्द्र सिजहटा तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 203 के लिए स्नेहलता शुक्ला रोजगार सहायक ग्राम पंचायत इटमा नदीतीर को बीएलओ नियुक्त कर निर्वाचन से संबंधित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया था।

## मैहर माँ शारदा मंदिर से चांदी का छत्र और सोने की नथ गायब; मंदिर समिति की छवि हुई धूमिल

# मंदिर के प्रभारी और पुजारी से जवाब तलब

**मैहर।**

आस्था के केंद्र और देशभर के करोड़ों भक्तों की श्रद्धा स्थल माँ शारदा देवी मंदिर,मैहर,की पवित्रता पर एक अत्यंत गंभीर आरोप ने गहरा दाग लगा दिया है। मंदिर समिति के आंतरिक दस्तावेज़ों से खुलासा हुआ है कि दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को एक श्रद्धालु द्वारा माता रानी को अर्पित किए गए बहुमूल्य आभूषण और चांदी का छत्र मंदिर समिति के कोष में जमा ही नहीं हुए। इस घटना ने न सिर्फ दानदाता की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है,बल्कि मंदिर प्रबंध समिति की गरिमा और छवि को भी धूमिल कर दिया है।

### लाखों का चढ़ावा,शून्य प्राप्ति संदेह के घेरे में मंदिर स्टाफ

पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब कार्यालय माँ शारदा देवी मंदिर समिति ने कलेक्टर/प्रशासक को 22 अक्टूबर 2025 को दूरभाष पर इसकी सूचना दी,जिसके बाद प्रथमदृष्टया जांच कराई गई।

### जांच में हुई पुष्टि

22 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 02:55 बजे सफेद प्लास्टिक के बैग में चांदी का छत्र (वजन 02 किग्रा),चांदी का मुकुट,और सोने की नथ दानदाता द्वारा माता रानी को अर्पित किए गए थे।यह बहुमूल्य चढ़ावा मंदिर समिति को प्राप्त नहीं हुआ। प्रशासक,माँ शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति,जिला मैहर द्वारा 30अक्टूबर 2025 को जारी किए गए एक कड़े आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार की घटना से यह आशंका बलवती होती है कि श्रद्धालु भक्तों द्वारा माता रानी को दान किए जा रहे आभूषण,सोना-चांदी,वस्त्र और श्रृंगार सामग्री जैसे अन्य चढ़ावे भी मंदिर समिति को प्राप्त नहीं हो रहे हैं।





### 72 घंटे का अल्टीमेटमः कार्रवाई की तैयारी

मंदिर समिति ने इस गंभीर अनियमितता के संबंध में तत्काल उत्तर मांगा है और संबंधित पक्षों को तीन दिवस(72 घंटे) के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासक ने चेतावनी दी है कि जवाब प्राप्त न होने या आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक न होने की स्थिति में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी।इस आदेश ने मंदिर परिसर में हड़कंप मचा दिया है। भक्तों के बीच यह चर्चा गर्म है कि क्या मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है,या फिर यह मंदिर के भीतर बैठे कुछ लोगों की सुनियोजित साज़िश है। लाखों भक्तों की आस्था और दान की सुरक्षा अब प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है।

### इनका कहना है-

मंदिर के प्रभारी और पुजारी से जवाब मांगा गया था। जवाब प्राप्त हो गए हैं। पूरी रिपोर्ट अध्यक्ष महोदय के सामने रखी जाएगी। उसके बाद जो आदेश मिलेंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**दिव्या पटेल**
**एसडीएम,मैहर।**

## डेल्हा ग्राम में बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनाई गई



**मैहर।** विकासखंड के ग्राम डेल्हा में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत डेल्हा के सरपंच अभिषेक जायसवाल ने की। बिरसा मुंडा की प्रतिमा चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया और उनके त्याग,संघर्ष तथा आदिवासी समाज के उत्थान में दिए योगदान को याद किया गया।अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष,साहस और समाज सुधार का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने सभी से उनके विचारों पर चलते हुए समाज में एकता,शिक्षा और जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपसरपंच जितेंद्र पाठक सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ नाटक के ज़रिए सड़क सुरक्षा का संदेश

# हम आपकी सुरक्षा के लिए चितित हैं: सब-इंस्पेक्टर विक्रम





**मैहर।**

सिटी पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को सड़क सुरक्षा(रोड सेफ्टी) के प्रति आम जनता को जागरूक करने के लिए एक सराहनीय पहल की। सब-इंस्पेक्टर (उप-निरीक्षक) विक्रम पाठक के पर्यवेक्षण (सुपरविजन) में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कलाकारों ने मनोरंजक अंदाज़ में लोगों को हेलमेट पहनने,सीट बेल्ट लगाने,गति सीमा का पालन करने और नशे में वाहन न चलाने के महत्व को समझाया। इस अवसर पर सब-इंस्पेक्टर विक्रम पाठक ने भावुक अपील करते हुए कहा,हम पुलिस वाले आपकी सुरक्षा को लेकर चितित हैं। हम चाहते हैं कि आप सभी सुरक्षित रहें और अपने गंतव्य तक सकुशल पहुंचें। उन्होंने जनता से यातायात नियमों को अपनी आदत में शुमार करने का अनुरोध किया। जागरूकता कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के नारे 'भारत माता की जय' के साथ हुआ। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की और नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## कीर्तिमान के 44वें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में काव्य की रसधार

# नसीब देखिये कच्ची ज़मीं में सोते हैं हमारे वास्ते मखमल बनाने वाले लोग

**मैहर।**



साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कीर्तिमान द्वारा 44वें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शानदार आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। देश के प्रसिद्ध मंच संचालक शाशिकांत यादव (देवास) ने कार्यक्रम का संचालन किया। विनीत चौहान (अलवर), राव अजातशत्रु (उदयपुर), नदीम साद (देवबंद), सुश्री मागका दुबे (सिहोरा) और स्वरूप श्रीवास्तव (उज्जैन) जैसे प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी कविताओं, गीतों,ग़ज़लों और हास्य-व्यंग्य से देर रात तक समा बांधे रखा। देवबंद के शायर नदीम साद की ये पंक्तियाँ विशेष रूप से प्रभावशाली रहीं: नसीब देखिये कच्ची ज़मीं में सोते हैं,हमारे वास्ते मखमल बनाने वाले लोग। लोकप्रिय कवि और लाफ्टर चैंपियन सुरेश अलबेला (कोटा) ने अपनी चुटीली प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब हँसाया।संस्था के सचिव डॉ.कैलाश जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। काव्य सम्मेलन का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# एकेएस के विद्यार्थियों का भेल भोपाल में औद्योगिक भ्रमण

**सतना।**

एकेएस विश्वविद्यालय,सतना (मध्यप्रदेश) के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), भोपाल का एक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की उस सतत एवं बहुआयामी पहल का हिस्सा है,जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं,बल्कि वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं और तकनीकी दक्षताओं का अनुभव भी प्रदान किया जाता है,जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भेल की प्रमुख उत्पादन इकाइयों-टरबाइन, जनित्र (जेनरेटर) तथा परिवर्तक (ट्रांसफार्मर) निर्माण इकाइयों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने आधुनिक मशीनीकरण तकनीकों, स्वचालन प्रणाली,गुणवत्ता नियंत्रण विधियों और उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को नज़दीक से देखा। साथ ही भेल के वरिष्ठ अभियंताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सार्थक चर्चा कर के उद्योग जगत की व्यवहारिक समझ प्राप्त की। इस औद्योगिक भ्रमण में लगभग उन्नीस विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### कार्य में उपस्थित नहीं होने पर दो कम्प्यूटर आपरेटर को कारण बताओ नोटिस

**सतना।** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष-2026 के कार्य को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त होने वाले डाटा को डाउनलोड/अपलोड करने एवं कार्यालय के कम्प्यूटर से संबंधित कार्य सम्पादित करने हेतु कम्प्यूटर आपरेटर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवराज नगर वीरेन्द्र कुमार सोनी तथा डाटा इन्ट्री आपरेटर सुमित सेन की डयूटी कार्यालय जिला निर्वाचन सतना में लगाई गई है। लेकिन दोनों कम्प्यूटर आपरेटर जिला निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। जिससे एसआईआर का कार्य बाधित हो रहा है। कम्प्यूटर आपरेटर वीरेन्द्र कुमार सोनी तथा डाटा इन्ट्री आपरेटर सुमित सेन द्वारा महत्वपूर्ण कार्य एवं वरिष्ठ के निर्देशों के प्रति उदासीनता बरती गई है। अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 के तहत एक माह का वेतन रोके जाने की कार्यवाही की जाये।कम्प्यूटर आपरेटर वीरेन्द्र कुमार सोनी तथा डाटा इन्ट्री आपरेटर सुमित सेन को निर्देशित किया है कि पत्र प्राप्ति के पश्चात समक्ष में उपस्थित होकर कारण बताओ सूचना पत्र का जबाव प्रस्तुत करें,अन्यथा जबाव समय-सीमा में प्रस्तुत न करने या समाधान कारक न पाये जाने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### यश को युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मिली शुभकामनाएं

**मैहर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं जबलपुर के पूर्व विधायक लखन घनोंरिया के सुपुत्र यश लखन घनोंरिया को युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मैहर के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बधाई दी।मैहर नगर पालिका पार्षद ध्यानेश धमेश घई,पूर्व पार्षद रमेश तथा धर्मेश घई ने जबलपुर स्थित उनके निजी कार्यालय में पहुंचकर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

# इकतालीस दिवसीय मण्डला पूजा आज से

**सतना।**

अय्यप्पा समाज का 41 दिवसीय मण्डला पूजा महोत्सव का शुभारंभ आज 17 नवंबर से हो रहा है। कलियुग भक्त वत्सल शनि दोष निवारक भगवान श्री अय्यप्पा की विशेष पूजा बंधवगढ़ कॉलोनी स्थित अय्यप्पा मंदिर में 27 दिसंबर तक सतत चलेगी। समिति के अध्यक्ष के एस ओमनाकुट्टन ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर सोमवार 7 बजे भगवान की विशेष आरती होगी जिसमें सर्व समाज के समस्त बंधुओ को आमंत्रित किया गया है। ज्ञात हो गत 24 वर्षों से अय्यप्पा मंदिर श्रद्धा एवं सद्भाव का अटूट केंद्र बना हुआ है। भगवान श्री अय्यप्पा मांदुर्गा एवं भगवान श्री गणेश इस मंदिर में विराजे हैं। यह अत्यंत जागृत मंदिर है समस्त जन यहां आकर एक अतीव आंनद व शांति का अनुभव करते हैं। भगवान से अपनी मनोकामना व्यक्त करके उनका अनुग्रह प्राप्त करते हैं। श्रीअय्यप्पा सेवा समिति ने समस्त समाजजनों से मण्डला पूजा के शुभारंभ अवसर पर शामिल होने का आग्रह किया है।



## खबर संक्षेप

### रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल अमानगंज के शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न



**अमानगंज।** रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल अमानगंज के शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण बड़े व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य शिक्षकों को पुरातत्व एवं दार्शनिक स्थानों का भ्रमण किया जिसमें चौमुखनाथ पुरातत्व मंदिर ,जैन मंदिर, मधेश्वर ओर आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण शिक्षकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए आवश्यक हैं। भ्रमण के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों एवं प्रबंधन टीम ने समन्वय करते हुए सराहनीय भूमिका निभाई।

### बरौंहा गांव की युवती लापता, गुम इंसान दर्ज

**अमानगंज।** ग्राम बरौंहा निवासी मकुंदी पिता शंकरा आदिवासी (45) ने थाने में अपनी पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट क्रमांक 102/25 के अनुसार सीमा आदिवासी उम्र 22 वर्ष निवासी बरौंहा, 11 नवंबर 2025 को घर से अमानगंज बाजार जाने निकली थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा इधर-उधर खोजबीन के बावजूद युवती का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर सीमा की तलाश शुरू कर दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा पन्ना डायमंड-मुख्यमंत्री डॉ. यादव




**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हीरा नगरी पन्ना जिले के हीरे को भारत सरकार द्वारा जीआई (ज्योग्रोफिकल इंडिकेशन) टैग मिलना सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इससे पन्ना डायमंड अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा और पन्ना के युवाओं तथा कारीगरों को स्थानीय स्तर पर नए अवसर मिलेंगे। पन्ना जिले के हीरे सर्टिफाइड और प्रीमियम प्राकृतिक उत्पाद के रूप में विश्व बाजार में उपलब्ध होंगे और पन्ना के इन प्राकृतिक हीरों को ही पन्ना डायमंड के नाम से बेचा जा सकेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी।

### जनअभियान परिषद द्वारा मनाई गई भगवान बिरसा मुण्डा जयंती



**पन्ना।** जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री प्राणनाथ जी सोशल वेलफेयर ऑर्गनाईजेशन के तत्वाधान में शनिवार को भगवान बिरसा मुण्डा की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अनीता जाटव सहित विवेक पाण्डेय, समिति के अध्यक्ष विनय, कोषाध्यक्ष अमन कुमार, सचिव शुभम शर्मा एवं अतुल सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। इस मौके पर 15 से 30 नवम्बर तक संचालित होने वाले जल संरक्षण अभियान विषय पर चर्चा कर जल संरक्षण की शपथ भी ली गई।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर 4225 रुपए जारी

**पन्ना।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए शनिवार 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है, जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

# देवेंद्रनगर के विद्यालयों में आनंद बाल मेले, खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा









**देवेंद्रनगर।**

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर क्षेत्र के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में बाल दिवस तथा बिरसा मुंडा जयंती संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, जीरो मॉडल हाई-स्कूल और अन्य विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों की रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और सहभागिता प्रमुख आकर्षण रही।

### सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृ संस्कारमय संयुक्त आयोजन

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में बिरसा मुंडा जयंती एवं बाल दिवस संयुक्त रूप से मनाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व तिलक से किया गया। वरिष्ठ आचार्य सूर्यकांत तिवारी ने बिरसा मुंडा व पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन-चरित्र, उनके आदर्शों व राष्ट्रसेवा के संदेश पर विशेष प्रकाश डाला और छात्रों को उनके आदर्शों से प्रेरित होकर देश की सेवा करने का आह्वान किया। विद्यालय परिवार ने गीत-वादन, नृत्य, भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं सहित बाल-रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों की प्रतिभा का उत्सव मनाया।

### स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल आनंद बाल मेला आकर्षण का केंद्र

स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में आयोजित आनंद बाल मेला में विद्यार्थियों द्वारा स्वयं निर्मित वस्तुओं व घरेलू उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। विद्यालय के डायरेक्टर अर्चन पटेल, प्रधानाध्यापिका उर्मिला पटेल, रामसिंह सर व हिमांशु सर सहित संपूर्ण शिक्षक-मंडल उपस्थित रहा। अभिभावकों व क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया; मेले में बच्चों की रचनात्मकता और स्वच्छता पर विशेष जोर देखा गया।

### जीरो माडल हाई स्कूल में भी आनंद मेला एवं नगर के अन्य विद्यालयों में भी रंगारंग कार्यक्रम

रेनबो पब्लिक स्कूल, वर्धमान पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, ड्रीमकिड्स, देवेंद्रनगर पब्लिक स्कूल, आदिनाथ कन्या विद्यालय, शासकीय कन्या विद्यालय, भारतीयम विद्यापीठ, संस्कार शिक्षा निकेतन आदि विद्यालयों में बाल दिवस पर चित्रकला, खेलकूद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा छोटे-छोटे आनंद बाल मेले आयोजित किए गए। कई स्कूलों में बच्चों को मिठाई वितरित कर उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर पवई विधानसभा के विभिन्न विकास खण्डों में बैठक हुई संपन्न







**पन्ना।**

जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बीएलए-2 की ट्रेनिंग के लिए तीन दिवसीय दौरा कार्यक्रम घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों पन्ना, गुनौर और पवई में अलग-अलग स्थानों पर बैठकें एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत 14 नवम्बर को पवई, शाहनगर, रैपुरा, सिमरिया ब्लाक का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस प्रभारी राजभान सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान, बीएलए-2 ट्रेनर राजीव प्यासी और विधानसभा प्रभारी लोकेंद्र वर्मा,जिला निर्वाचन प्रभारी राजबहादुर पटेल, पवई विधानसभा प्रभारी वरिष्ठ नेता अजय श्रीवास्तव सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में जिला कांग्रेस प्रभारी राजभान सिंह एसआईआर को लेकर महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर कांग्रेसियों से चर्चा की साथ ही मतदाताओं को आने वाली समस्याओं के लिए उन्हे सहयोग करने की अपील की जिला अध्यक्ष अनीश खान ने प्रशिक्षण सत्र में बोलते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला से लेकर ब्लाक स्तर कार्यालयों में टोल फ्री नम्बर जारी किये जायेगें, साथ ही 2003 की मतदाता सूची प्रत्येक मतदाताओं को आसानी से उपलब्ध कराकर एसआईआर फार्म भरने की प्रक्रिया में सहयोग किया जायेगा। साथ ही श्री खान ने यह भी कहा कि किसी को एसआईआर से संबंधित कोई भी समस्या हो तो वह मुझसे व संबंधित कांग्रेसजनों से सम्पर्क कर सकते है। इस दौरान मुख्य रूप से वीरेंद्र दुवेदी,पूर्व प्रत्याशी गिरधारी लोधी, अरुणपाल सिंह, माखन पटेल, भुवन विक्रम सिंह, स्वतंत्र अवस्थी,तरुण सिकरवार,रामसेवक सिंगरोल, सौरभ सिंह संदीप दुवे,संजय बागरी,महमूद खान,सरफराज फारूखी, अजय सिंह बुंदेला, वशुंधरा राजे , गुड्डा परोहा शालिग राम गोतम, शुभम रजक, छवि लाल चौधरी,केदार लखेरा,भारत सिंह, जसविंदर राठौड़, चौन सिंह राठौड़, नन्नाई लोधी,लखन लोधी, अशोक जैन, महेश अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल, बेनी प्रसाद, संजय चौरसिया, नरेंद्र तिवारी, श्रीमती जीरा बाई पटेल केदार कुरारिया गुमान सिंह यादव कांग्रेस पार्टी के बीएलए-2 सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई, आदिवासी समाज ने लिया जल-जंगल-जमीन बचाने का संकल्प

**पन्ना।**



जिले की जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम मनोर में आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती आदिवासी विकास परिषद के नेतृत्व में बड़े उत्साह और एकजुटता के साथ मनाई गई। सैकड़ों आदिवासी महिलाएँ-पुरुष एकत्र होकर अपने आराध्य भगवान बिरसा मुंडा को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि एकलव्य सेना के जिला अध्यक्ष जयराम यादव ने कहा कि "आदिवासी भाइयों-बहनों, आज का दिन सिर्फ जयंती नहीं, हमारे गौरव और संघर्ष का दिन है। जब सारा देश गुलामी की नींद सो रहा था, तब 15 साल की उम्र में ही बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों को ललकारा था। 25 साल की छोटी-सी उम्र में उन्होंने जल, जंगल, जमीन और हमारी अस्मिता के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। आज भी हमारे गांवों में स्कूल नहीं, अस्पताल नहीं, सड़कें नहीं, रोजगार नहीं दृ लेकिन हम चुप नहीं बैठेंगे। बिरसा मुंडा ने सिखाया है कि हक मांगने से नहीं, छीनने से मिलता है। हमें उनके जैसे एक होकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अपनी पहचान की लड़ाई लड़नी है। जब तक हम एक नहीं होंगे, कोई हमारी सुनने वाला नहीं है। आज हम सब संकल्प लें दृ बिरसा मुंडा का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, हम उनके सपनों का आदिवासी समाज बनाकर रहेंगे। जय जोहार! जय बिरसा मुंडा!"अध्यक्षता कर रहे आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष देबू गोंड ने कहा कि "आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हम सब यहाँ एकत्र हुए हैं तो सिर्फ दीप जलाने नहीं, बल्कि अपने हक और अपनी पहचान को बचाने-बढ़ाने का संकल्प लेने आए हैं। हमारा धर्म प्रकृति है। सूरज, चाँद, नदी, जंगल, पहाड़ दृ ये हमारे देवता हैं। हमारी पूजा अलग है, हमारी परंपरा अलग है, हमारा जीवन अलग है। हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई में नहीं बंटते दृ हम सरना, अबुआ धर्म के लोग हैं।

### 'अबुआ दिशुम, अबुआ राज' दृ अपना देश, अपना राज!

हमारे बच्चे स्कूल जाएं, हमारे युवा रोजगार पाएं, हमारी बहन-बेटियाँ सुरक्षित रहें, हमारे बुजुर्गों का सम्मान हो यही बिरसा मुंडा का सपना था। हमें गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ना है, एकजुट करना है। आने वाला समय हमारा है, बस हमें बिरसा मुंडा की तरह निडर और एकजुट होना है। जय जोहार! जय बिरसा मुंडा! जय आदिवासी समाज! "विशिष्ट अतिथियों में सरपंच प्रकाश मजूमदार, जितेंद्र जाटव, शैलेश विश्वकर्मा, नत्थू सिंह यादव, अभिषेक चौरसिया, बृजेश रैकवार आदि शामिल रहे। सभी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में गांव की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन पुलिस प्रशासन ने लिया। आयोजन नरेश गोंड एवं महेंद्र गोंड के नेतृत्व में हुआ, मंच संचालन भी इन्होंने ही किया। रामकेश, मिट्ठू, पप्पू, लक्ष्मी, सियाराम, धीर गोंड, भूरी बाई, सावित्री बाई, निकिल राय, परमलाल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन




**पन्ना।**

केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद चौरसिया एवं डॉ. प्रदीप द्विवेदी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विज्ञान एवं तकनीक के विभिन्न विषयों पर अपने नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर मॉडल तैयार किए गए। विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित ऑटोमेटिक अटेंडेंस सिस्टम, लाइफ सेविंग स्टिक, एक्यूआई, टेम्परेचर एवं मॉनिटरिंग सिस्टम, ब्लाइंड स्पॉट अवॉइडिंग सिस्टम, स्मार्ट सिटी, एयर प्यूरिफायर, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम तथा किसानों की मदद करने वाला ड्रोन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।इसके अलावा बच्चों ने डीएनए सैंपलिंग का भी प्रदर्शन किया। कक्षा एक व दो के छात्रों का वैज्ञानिक वेशभूषा धारण करना भी बच्चों में आकर्षक का केंद्र रहा। बच्चों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट्स की विस्तृत जानकारी मुख्य अतिथि, शिक्षकों तथा अभिभावकों को दी। आगंतुकों ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता और प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उत्साहवर्धन भी किया गया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में खोज, प्रयोग और अनुसंधान की भावना मजबूत होती है। विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना भी की गई। इस दौरान शोध और पढ़ने की आदत विकसित करने पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि वैज्ञानिक बनने के लिए अच्छी पढ़ाई, जिज्ञासा और निरंतर शोध की आदत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्राचार्य अमित दाहिया सहित शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ शिक्षक विद्याचरण चौरसिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। प्रदर्शनी को सफल बनाने में विद्यालय के विज्ञान तथा गणित शिक्षकों नीरज चौरसिया, सीता गौतम, क्षितिज चौधरी, जॉनी अत्री, मनीष गुप्ता, हृदयेश शुक्ला, नेहा लखेरा, शेफाली गुप्ता तथा अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सहयोग भी सराहनीय रहा।

# बालदिवस पर दक्षिण वन मंडल पन्ना द्वारा की गई अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित

**पन्ना।** बालदिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण वनमण्डल द्वारा विभिन्न परिक्षेत्रों में बच्चों के बीच आनंद, प्रेरणा और जागरूकता से भरे कार्यक्रम आयोजित किए गए। वन परिक्षेत्र शाहनगर अंतर्गत बीट उमरिया में शासकीय प्राथमिक शाला देईधार के विद्यार्थियों के साथ बालदिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को लड्डू, गुब्बारे और कॉपियाँ वितरित की गईं तथा बालदिवस के महत्व के बारे में सरल एवं रोचक जानकारी दी गई। बच्चों ने भी अत्यंत उत्साह और हर्ष के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हीरेंद्र प्रताप सिंह एवं लवलेश प्रजापति सहित वनरक्षक आशीष कुमार पाण्डेय, श्रीमति सत्यप्रभा सिंह और कुमारी रचना जादौन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश भी दिया गया। इसी क्रम में, वन परिक्षेत्र कल्दा में बालदिवस के अवसर पर शासकीय हाईस्कूल मैन्हा के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। वन विभाग द्वारा वनों एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा में जन सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, और इन कार्यक्रमों के अंतर्गत सामग्रियों के वितरण को भी शामिल किया जाता है। विद्यार्थियों ने बैग प्राप्त करने के साथ-साथ अपने गांव और आसपास के क्षेत्र में वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का संकल्प भी लिया। बालदिवस पर मिला यह उपहार बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक ले आया। कार्यक्रम में वन विभाग की ओर से कृष्ण कुमार कोंदर, बालकृष्ण शुक्ला, अरविन्द गुप्ता, राजेश धुर्वे, वीरेन्द्र पटेल, उपेन्द्र सिंह और संदीप सिंह बघेल उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय प्राचार्य श्रीमती सुभाषिनी गुप्ता एवं विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे और उन्होंने वन विभाग के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की।

# आठ हजार की पगार में पन्ना नगर की जलापूर्ति सप्लाई की जिम्मेदारी, नगर पालिका में मनमानी का आलम



**पन्ना।**

पन्ना नगर पालिका में वर्तमान समय में मनमानी का आलम है तथा छोटे एवं संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों का शोषण हो रहा है जहां एक और अनेक कर्मचारी 15 15 वर्ष से काम कर रहे हैं उन्हें मात्र आठ हजार रुपए देकर शोषण किया जा रहा है तथा उनसे भरपूर काम लिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर अनेक कर्मचारी जो बाद में भर्ती किए गए उन्हें तेरह से लेकर पंद्रह तक मानदेय दिया जा रहा है बताया जाता है कि उन्हें कलेक्टर रेट पर नियमित भी कर दिया गया है जबकि पूर्व से कार्यरत अनेक कर्मचारी सिर्फ मानदेय पर आठ हजार में नौकरी कर रहे हैं जिसमें गरीब कर्मचारियों का गुजारा भी नहीं हो रहा है लेकिन वह नगर पालिका के जिम्मेवारों को खुश करने की हैसियत नहीं रखते हैं इसलिए उनका मानदेय नहीं बढ़ाया जा रहा है और ना ही उन्हें कलेक्टर रेट पर नियमित किया जा रहा है।

# छेड़छाड़ करने वाले कर्मचारी पर अभी तक नहीं हुई कोई कार्यवाही, कलेक्टर से कार्यवाही करने की लगाई गुहार

**पन्ना।**




जिला चिकित्सालय में पदस्थ आउटसोर्स एजेंसी स्काइ बुल द्वारा कर्मचारी पदस्थ हैं जिसमें सुरक्षा कुर्मी जयंती चौरसिया के साथ ईसीजी टेक्नीशियन प्रवेंद्र पटेरिया द्वारा विगत दिवस छेड़छाड़ की घटना का अंजाम दिया गया जिसकी शिकायत पीड़ति द्वारा पुलिस अधीक्षक कोतवाली पन्ना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन से की गई थी लेकिन संबंधित के खिलाफ आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे पीड़ति महिला मानसिक रूप से परेशान है महिला द्वारा संबंधित के खिलाफ फिर से कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर कार्यवाही करने की मांग की गई है ज्ञात हो श्री पटेरिया अवैध रूप से जिला चिकित्सालय में पदस्थ हैं तथा इन्हें सिविल सर्जन द्वारा रोगी कल्याण समिति के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि से भुगतान किया जा रहा है इनके द्वारा मेडिकल बोर्ड तथा अन्य कार्य भी अवैध रूप से किया जाता है जिसमें लोगों से बाकायदा अवैध वसूली भी की जाती है लगातार शिकायत होने के बावजूद संबंधित के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है क्योंकि इन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है पीड़ति ने जिला कलेक्टर से कार्यवाही करने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**



## सफाई के बाद दूल्हा बाबा मंदिर परिसर में पौधारोपण

**छतरपुर।** राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के संयोजक एवं पूर्व सीएमओ डीडी तिवारी के नेतृत्व में दूल्हा बाबा मंदिर परिसर में सफाई अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में व्यापक साफ-सफाई की गई और विभिन्न फलदार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुजारी सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने अमरूद का पौधा लगाया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य डॉ. एल. एन. रावत द्वारा कटहल का पौधा रोपा गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व एसडीएम के एल. अहिरवार ने सीताफल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण के दौरान व्यापारी संघ के नीलेंद्र अग्रवाल और कृष्णा कुशवाहा ने गड्ढे खोदने के साथ-साथ परिसर की सफाई में सक्रिय सहयोग दिया। सभी सदस्यों ने पूर्व में लगाए गए पौधों को पानी दिया और उनके संरक्षण व नियमित सिंचाई की जिम्मेदारी भी संयुक्त रूप से ली। आयोजकों ने कहा कि मंदिर परिसर को स्वच्छ और हरियाली से भरपूर बनाना ही अभियान का उद्देश्य है। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

# सभी गर्भवती महिलाओं की अनमोल पोर्टल में एंट्री हो : कलेक्टर

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सीएमएचओ डॉक्टर आर.पी. गुप्ता सहित डॉक्टर, बीएमओ बीपीएम, बीसीएम अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने मैटरनल हेल्थ की समीक्षा करते हुए अनमोल पोर्टल में कुछ गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन समग्र आईडी नहीं होने की वजह से नहीं होने पर बक्सवाहा बीएमओ को कड़ी फटकार लगाई और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही बीसीएम की एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा सीईओ जनपद के निरंतर संपर्क में रहें और आशाओं को कार्य में लगाएं। उन्होंने कहा लापरवाही बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी।



### हाई रिस्क महिलाओं के चिन्हांकन में लापरवाही पर कार्यवाही

कलेक्टर ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन की पोर्टल में कम एंट्री होने पर बड़ामलहरा बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं छतरपुर ग्रामीण एवं शहरी बीएमओ को हाई रिस्क महिलाओं का मैनेजमेंट नहीं होने पर 1 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी बीएमओ को हाई रिस्क महिलाओं के चिन्हांकन के विशेष निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए बड़ामलहरा सहित अन्य ब्लॉकों को चतुर्थ एएनसी चैकअप बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सरबई, बारीगढ़, गौरिहार, बाजना और बक्सवाहा में भी ज्यादा से ज्यादा एएनसी चैकअप कैम्प आयोजित करने एवं घुवारा पीएचसी पर भी कैम्प लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा डिलीवरी के संबंध में शासकीय एवं प्राइवेट अस्पतालों का डेटा एचआईएमएस एवं अनमोल पोर्टल में प्रमुख रूप से अपडेट हो। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं एवं धात्री महिलाओं की ईकेवायसी और डीबीटी शतप्रतिशत कराने के निर्देश दिए।

**दो गर्भवती महिलाओं की लापरवाही से मृत्यु होने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश**

कलेक्टर ने दो गर्भवती महिलाओं की लापरवाही के कारण मृत्यु होने के संबंध में संबंधित पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। पहला प्रकरण भूरी आदिवासी ग्राम ब्रजपुरा किशनगढ़ दो घंटे विलंब से 108 पहुंचने के संबंध में एमडी को पेनाल्टी लगाने के संबंध में पत्र लिखने के निर्देश दिए। साथ ही एएनसी चैकअप नहीं करने पर एएनएम की वेतन वृद्धि रोकने एवं आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम चौपरा बक्सवाहा पूनम आदिवासी का प्लेसेंटा न निकलने से मृत्यु हो जाने के संबंध में सीएमएचओ को बीएमओ और बीसीएम की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसएनसीयू और पीआईसीयू और लो बर्थ एवं लिंगानुपात की समीक्षा करते हुए यू पोर्टल में एंट्री बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजनगर अंतर्गत टीकाकरण कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए।

### लापरवाही पर बीएमओ, सीएचओ पर कार्यवाही के निर्देश -

कलेक्टर ने एनसीडी स्क्रीनिंग में लवकुशनगर एवं राजनगर में खराब स्थिति होने पर प्रोग्रेस बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही लवकुशनगर बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने और सीएचओ पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की स्क्रीनिंग बढ़ाएं।

### टीबी स्क्रीनिंग में लापरवाही पर बीएमओ, टीबी प्रभारी एवं डीटीओ के वेतन काटने के निर्देश -

कलेक्टर ने टीबी स्क्रीनिंग के संबंध में लापरवाही पर राजनगर बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही गौरिहार, लवकुशनगर एवं राजनगर के टीबी प्रभारी एवं डीटीओ की तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निक्षय पोषण योजना में गौरिहार, बिजावर और बक्सवाहा में डीबीटी की कम प्रोग्रेस होने पर बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नो फंग्शनल डिलीवरी प्वाइंट की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि स्टाफ की पदस्थापना के संबंध में अन्य जगह के स्टाफ की ड्यूटी लगाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें। साथ ही पदस्थापना होने के बाद भी कार्य में लापरवाही करने पर करीं के डॉक्टर पर कार्यवाही का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

### ग्रेडिंग की जानकारी नहीं होने पर 1 दिवस का कटेगा वेतन

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतकर्ता से स्वयं बात कर शिकायतों को संतुष्टि से बंद करने की निर्देश दिए। कलेक्टर ने बड़ामलहरा, बिजावर, लवकुशनगर बीएमओ को सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग के संबंध में जानकारी नहीं होने पर एक-एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जो बीएमओ पिछले 6 महीने से लगातार सी एवं डी ग्रेड में आ रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव भेजें।

# सैडारा में संजीवनी टीम का स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**बक्स्वाहा।** सिनर्जी संस्थान की संजीवनी टीम ने ग्राम सैडारा में बाल दिवस एवं बचपन उत्सव-2025 के अवसर पर व्यापक स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के साथ संवाद सत्र से हुई, जिसमें बाल अधिकार, बाल दिवस का महत्व और पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बच्चों ने सक्रियता दिखाते हुए कई प्रश्न पूछे। इसके बाद बच्चों के सपनों, लक्ष्य निर्धारण और भविष्य निर्माण पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के स्पष्ट और आसान तरीके बताए गए। स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में कुल 255 लोगों का परीक्षण किया गया। 8 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया, जबकि वयस्कों का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर परीक्षण हुआ। ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाते हुए टीम के प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और बाल अधिकारों से जुड़े नारे लगाए गए। रैली ने पूरे गाँव में जागरूकता का माहौल बनाया। आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगण, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका तथा संजीवनी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और समुदाय में स्वास्थ्य, स्वच्छता, अधिकारों और भविष्य निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अंत में बच्चों को चॉकलेट और नाश्ता वितरित किया गया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

**इंडियन क्लासिकल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल खजुराहो नहदौरा में संपन्न**

# पंडित तपन राय बने इंडियन क्लासिकल डांस फेस्टिवल के ब्रांड एम्बेसडर

**स्कूली बच्चों को कथक नृत्य की दी जानकारी**

**खजुराहो।** एनवायरनमेंट एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी खजुराहो मध्य प्रदेश शासन एवं भारत सरकार नीति आयोग से संबद्ध है के द्वारा विगत दस वर्षों से भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष यह कार्यक्रम खजुराहो के समीप नहदौरा ग्राम पंचायत के तुलसी कला मंच में रखा गया। मुख्य अतिथि सम्माननीय तपन राय कथक विशेषज्ञ एवं कजाकिस्तान संस्कृति विभाग के पूर्व एंबेसडर भारत सरकार रहे इस कार्यक्रम में कथक नृत्यांगना अनन्या भट्टाचार्य ओसी सक्सेना द्वारा समूह कथक नृत्य की प्रस्तुति दी सुमेधा बरार तोरनिमां राय तथा समीक्षा सक्सेना के द्वारा कथक के विभिन्न आयामों, मीरा एवं कृष्ण महिमा का चित्रण किया। प्रख्यात कथक गुरु सम्माननीय तपन राय ने कत्थक की बारीकियां को समझाते हुए बच्चे किस प्रकार कथक नृत्य से जुड़ सकते हैं के गुण बताएं तथा महाभारत पर आधारित अपनी प्रस्तुति दी इस अवसर पर नहदौरा पंचायत के सरपंच हरिश्चंद्र पटेल खजुराहो नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आसाराम पाल, अंशु अवस्थी एवं गांव के गणमान्य नागरिक युवा तथा स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजक डॉ अश्वनी कुमार दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है जिसमें सैकड़ो बच्चे इन विधाओं से जुड़ते हैं। प्रबंधक वंदना दुबे सहित आयोजन मंडल ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र श्रीफल प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह तथा नृत्यकला से संबंधित नृत्य सुरभि अवार्ड गोदावरी अकैडमी अवॉर्ड नर्तन विभूषण अवार्ड नृत्य सुरभि अवार्ड से सम्मानित किया गया। शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव कार्यक्रम को गांव में सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन रेडियो उद्घोषक शिवेंद्र शुक्ला के द्वारा किया। आभार प्रदर्शन डॉ अश्वनी कुमार दुबे ने किया।



### ऐतिहासिक सम्मान! श्री आनंद द्विवेदी जी का कांग्रेस कार्यालय में भव्य स्वागत और सभी कांग्रेसजनों का स्नेह!



आज का दिन हमारे लिए गर्व और सम्मान से भरा है! हमें खुशी है कि मध्यप्रदेश INTUC अध्यक्ष बनाए जाने पर हमारे पूज्य श्री आनंद द्विवेदी जी का आज कांग्रेस कार्यालय में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस गरिमामय अवसर पर हमें पूर्व महामंत्री, मध्य प्रदेश कांग्रेस, श्री अमित द्विवेदी जी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रवीण सिंह चौहान जी, सेवादल के जिला अध्यक्ष श्री रूपेश पांडे जी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राम अशोक शर्मा जी, और पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष-ग्रामीण, श्री ज्ञानेंद्र द्विवेदी जी सहित अन्य वरिष्ठ नेतृत्व का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।इनके साथ ही, महिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवा कांग्रेस के समर्पित साथियों, और जिला कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने यह सम्मान अविस्मरणीय बना दिया।आपका यह अपार स्नेह और विश्वास ही पिताजी (श्री आनंद द्विवेदी जी) को संगठन की सेवा के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। द्विवेदी परिवार, इस ऐतिहासिक सम्मान और इस स्नेह के लिए सभी कांग्रेसजनों का हृदय से आभार व्यक्त करता है। जय कांग्रेस

# नवागत एडिशनल एसपी ने हरपालपुर थाने का किया निरीक्षण

**हरपालपुर।** नगर में रविवार दोपहर लगभग 3 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले ने हरपालपुर थाने का निरीक्षण किया। अपने प्रथम दौरे के दौरान एएसपी पटले ने थाना परिसर का बारीकी से जायजा लिया तथा पुलिस व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और लंबित मामलों की जानकारी ली।



उन्होंने कार्यालय कक्ष, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, हवालात सहित पूरे परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी ने थाना प्रभारी से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, आपराधिक गतिविधियों और गश्त व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और बेहतर कार्यशैली अपनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एएसपी पाटेल ने बताया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस टीम को सतर्क रहकर सक्रियता से काम करने की आवश्यकता है।

उन्होंने अपराध नियंत्रण और जनता से संवाद बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पुलिस का व्यवहार पारदर्शी व जनहितकारी होना चाहिए, ताकि लोगों का विश्वास मजबूत हो। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यकता पडने पर संसाधन बढ़ाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक संजय राय सहित स्टाफ मौजूद रहा

# इतिहास विभाग की शोधार्थी श्रुति जैन का शोध प्रबंध का प्री सबमिशन सफलतापूर्वक संपन्न

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर, माननीया कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के प्रेरणादायी निर्देशन एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में निरन्तर अग्रसर हैं। इसी क्रम में इतिहास अध्ययन शाला एवं शोध केंद्र में पीएचडी शोधार्थी कु. श्रुति जैन द्वारा डॉ मुक्ता मिश्रा के निर्देशन में शोध विषय विदिशा एवं मंदसौर में विभिन्न पहलुओं वाली श्रेणी प्रणाली का विहंगम अध्ययन पर प्रभावशाली एवं शोधपरक प्री सबमिशन प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ.मुक्ता मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे शोध निदेशक डॉ बहादुर सिंह परमार ,डॉ ममता बाजपेई विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ विभा वासुदेव विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ नीरज निरंजन, डॉ सौरभ, कन्या पी जी कॉलेज, एवं विभिन्न विभागों के शोधार्थी और अतिथि विद्वान उपस्थित रहे। प्रस्तुति के दौरान श्रेणी व्यवस्था पर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही वर्तमान समय में स्वसहायता समूहों में इसकी उपयोगिता को बताया गया। कु. श्रुति जैन द्वारा वहां उपस्थित सभी विद्वानों का संतोषजनक उत्तर दिया गया। साथ ही उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अपने आगामी शोध प्रबंध में समुचित रूप से समाहित करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर डॉ बहादुर सिंह परमार, डॉ मुक्ता मिश्रा, डॉ नीरज निरंजन, डॉ सौरभ ने शोधार्थी के अकादमिक दृष्टिकोण एवं परिश्रम की सराहना की। अपने उद्बोधन में शोधार्थी श्रुति जैन ने विश्वविद्यालय के कुलगुरू, कुलसचिव , शोध निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं समस्त प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से अपनी शोध निर्देशक डॉ मुक्ता मिश्रा के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं सतत सहयोग के लिए कृतज्ञता प्रकट की।



# अवैध हथियार लिए युवक का फोटो हुआ सोशल मीडिया पर वायरल

**छतपुर।** जिले में एसपी अगम जैन द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के बीच लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की सख्ती के बावजूद सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ युवकों की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ताज़ा मामला नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लहेरा पुरवा का सामने आया है, जहां एक युवक की अवैध हथियार लहराते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल तस्वीर देखकर स्थानीय लोगों में भी चिंता का माहौल है कि सख़्त अभियान के बावजूद युवक खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, तस्वीर में दिख रहा हथियार लाइसेंसी नहीं है। फोटो सामने आते ही पुलिस सक्रिय हो गई है और युवक की पहचान की पुष्टि करते हुए उसके खिलाफ जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या हथियारों के प्रदर्शन की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। जिला पुलिस ने साफ किया है कि अवैध हथियार रखने, दिखाने या सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



**जन सहयोग रसोई ने दूसरी बार कराए सनातनी सामूहिक विवाह**

# धूमधाम से एक साथ हुए 11 कन्याओं के विवाह

**छतरपुर।** शहर के बस स्टैंड क्रमांक 2 पर कोरोना काल से संचालित जन सहयोग रसोई द्वारा रविवार को सर्किट हाउस तिराहा स्थित शहनाई गार्डन में द्वितीय सनातनी सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन कर साधनहीन परिवार की 11 कन्याओं के विवाह पूरी धूमधाम से कराए। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, डीआईजी विजय खत्री, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जयनारायण अग्रवाल, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहन कल्पना, बहन रीना सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। सभी जोड़ों को घर गृहस्थी का सामान विदाई में भेंट किया।

समिति के अध्यक्ष केशव चौधरी ने बताया कि सामूहिक विवाह महायज्ञ में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 11 कन्याओं के विवाह वैदिक रीति रिवाज के साथ पूरी धूमधाम से कराए गए। सभी दूल्हे बैंड बाजों के साथ घोड़े पर सवार होकर मंच तक पहुंचे। भव्य मंच पर वर वधु ने एक दूसरे को जयमाला डाली और एक दूजे के हो गए। भांवर के लिए 3 मंडप सजाए गए थे। जिनमें वर वधु आते रहे और पूरे वैदिक रीति रिवाज से विद्वान पंडितों द्वारा विवाह संस्कार संपन्न कराए जाते रहे। वर और वधू पक्ष के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। विदाई में वधू को घर गृहस्थी के लिए सभी आवश्यक सामग्री उपहार में भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा इसके पहले वर्ष 2024 में भी 10 कन्याओं के विवाह कराए जा चुके हैं।




### इनके हुए विवाह

ज्योति कुशवाहा पुत्री देशराज कुशवाहा लहेश पुरवा छतरपुर संग रविन्द्र कुशवाहा पुत्र कन्हैयालाल कुशवाहा ग्राम देरी छतरपुर, जूली सेन पुत्री पंचू सेन इमलाहा छतरपुर संग नारायण सेन मुकेश सेन बेन्द्री छतरपुर, पार्वती कुशवाहा पुत्री प्रेमा कुशवाहा छुईखदान सटई रोड छतरपुर संग सुबंद कुशवाहा पुत्र बिहारी कुशवाहा ललनजू का पुरवा जिला छतरपुर, अर्चना जाटव पुत्री महादेव जाटव टोरिया मुहल्ला छतरपुर संग संजीव जाटव पुत्र स्व. रघुवीर जाटव पहाडी रावत जिला दतिया, कल्लो कुशवाहा पुत्री बजुवाँ कुशवाहा पारवां छतरपुर संग मनोहर कुशवाहा पुत्र झल्लू कुशवाहा बिलहरी छतरपुर, सुहाना कुशवाहा पुत्री नंदकिशोर कुशवाहा अमानगंज मुहल्ला छतरपुर संग मोनू कुशवाहा पुत्र विनोद कुशवाहा त्रिपुरी वार्ड गढा जबलपुर, रानू विश्वकर्मा पुत्री जगदीश विश्वकर्मा बगौता छतरपुर संग जगदीश विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा चरका जिला बांदा (उ.प्र.), मोहनी कुशवाहा पुत्री सुन्दरलाल कुशवाहा अजयगढ चौराहा पन्ना संग अर्जुन कुशवाहा पुत्र भगवान दास कुशवाहा अमानगंज मुहल्ला छतरपुर, दीपिका चौरसिया पुत्री बाबूलाल चौरसिया शारदा नगर कालोनी छतरपुर संग पियूष चौरसिया पुत्र बाबूलाल चौरसिया पिपट छतरपुर, अंकिता कुशवाहा पुत्री बाबूलाल कुशवाहा अजयगढ चौराहा पन्ना संग पवन कुशवाहा पुत्र सुरेश कुशवाहा चन्द्रनगर छतरपुर और बिनीता कुशवाहा पुत्री हल्के कुशवाहा ढिलापुर छतरपुर का विवाह काशीराम कुशवाहा पुत्र नंदन कुशवाहा निवासी रामपुर जिला छतरपुर के साथ सम्पन्न हुआ।

### यह मिले उपहार

समिति द्वारा उपहार में अन्नपूर्णा माता की फोटो, रामायण, कन्या के लिए लहंगा, पायल बिछिया, मंगलसूत्र, ज्वेलरी सेट, श्रृंगार सामग्री, 5 साडियां, शॉल, चप्पल, पलंग, गद्दा, बेडशीट, तकिया, तकिया कवर, कम्बल, ट्रॉली बैग, छोटा गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, प्रेशर कुकर, कलश सेट, स्टील की डलिया, बर्तन सेट, कुपरा, केस रोल, दूल्हे के लिए घड़ी, इलेक्ट्रिक प्रेस, बाथरूम सेट, अलमारी वुडन, एलईडी टीवी, कुर्सी टेबल, कूलर, सिलाई मशीन और 5 लीटर वॉटर कैन भेंट की गई। इसके साथ ही समाजसेवियों ने भी अपनी ओर से उपहार प्रदान किए।

### इन्होंने भी दिया आशीर्वाद

इस अवसर पर दर्शना महिला समिति की प्रभा वैद्य, नंदी धाम गौशाला से मरजीना एवं शुभा खरे, अग्रवाल समाज से मनीष एवं टीम, ताम्रकार समाज से संतोष ताम्रकार, ढड़ोमर समाज से रमेश गुप्ता, चौरसिया जी, बृजेश, सोनी समाज से महेश बबलू सोनी, प्रजापति समाज से मुन्नी लाल, कायस्थ समाज से सुरेश बाबू खरे एवं उनकी टीम गणमान्य नागरिक देवेन्द्र, शरद अग्रवाल, टिंबर व्यापार संघ से कौशल किशोर घोष, छत्रसाल व्यापारी संघ से लालचंद लालवानी, अन्नपूर्णा मेला जलविहार समिति अध्यक्ष सोनू गुप्ता, समर्पण क्लब और राम नाम मंडल से समस्त सदस्य, पत्रकार श्याम अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, श्याम खरे, पप्पू गुप्ता, राधेश्याम सोनी आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

जन सहयोग रसोई परिवार के सदस्य विशेष रूप से विजय असाटी, अंशु सक्सेना, भोलू अग्रवाल, राजू पटवा, दीपक सक्सेना, कुंज बिहारी सोनी शहनाई गार्डन के संचालक अजय लाल निगम और मैनेजर अनिल सोनी का विशेष सहयोग रहा।

# छतरपुर में सुबह पारा 12 डिग्री पर पहुँचा, लोग मफलर और गर्म कपड़ों में दिखे



फसलों को ठंड से मिलने की उम्मीद

**छतरपुर।** जिले में ठंड लगातार अपना असर दिखा रही है। शनिवार रात से शुरू हुआ शीतलहर जैसा मौसम रविवार सुबह और तेज हो गया। सुबह 7 बजे शहर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज ठंड के कारण सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा और लोग मफलर, टोपी व गर्म कपड़ों में ही घरों से बाहर निकलते नजर आए।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। अगले सप्ताह तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। रविवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में तेज धूप और साफ आसमान रहा, जबकि सुबह-शाम की ठिठुरन से राहत मिलना मुश्किल दिखाई दे रहा है। रबी फसलों की बुवाई पूरी हो चुकी है और किसान बढ़ती ठंड से खुश हैं। गेहूं की फसल पर सुबह ओस की बूंदें जमना शुरू हो चुकी हैं, जो उत्पादन बढ़ाने में सहायक मानी जाती हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान तापमान फसलों के लिए अनुकूल है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची पुनरीक्षण की करेंगी समीक्षा

**रीवा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल 18 नवम्बर को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा करेंगी। समीक्षा बैठक सुबह 10 बजे से कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम रीवा में आरंभ होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने एसडीएम गुढ़, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार गुढ़ एवं रायपुर कर्चुलियान, परियोजना अधिकारी तथा सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी बीएलओ एवं ग्राम रोजगार सहायक को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### रीवा की ओशिन सिंह सोलंकी, पहली ही परीक्षा में बनीं सिविल जज



**रीवा ।** जिले की होनहार बेटी 25 वर्षीय ओशिन सिंह सोलंकी ने पहली ही कोशिश में सिविल जज की परीक्षा उत्तीर्ण कर सबको चौंका दिया है। अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और सच्ची लगन के बल पर ओशिन ने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिससे पूरे रीवा में खुशी की लहर है, लंबे समय तक निरंतर अध्ययन, अनुशासन और दृढ़ निश्चय ने ओशिन को सफलता के इस मुकाम तक पहुँचाया। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरा रीवा गौरवान्वित महसूस कर रहा है।युवाओं के लिए यह सफलता एक प्रेरणास्रोत है कि सही दिशा, परिश्रम और संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सिविल जज की पहली ही परीक्षा में सफलता का झंडा गाड़ने वाली 25 वर्षीय ओशिन सिंह सोलंकी रीवा शहर के नेहरू नगर कॉलोनी की निवासी हैं. ओशिन के पिता दल बहादुर सिंह सोलंकी रीवा के ही जिला न्यायालय में क्रिमिनल लॉयर के पद पर कार्यरत हैं. जबकि ओशिन की माता आदर्श सिंह सोलंकी पीटीएस में एडीपीओ के पद पर पदस्थ हैं. जबकि छोटे भाई 12वीं कक्षा में अध्यनरत हैं ओशिन ने अपनी प्राथमिक पढ़ाई रीवा के बाल भारती स्कूल से की. इसके बाद अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय से बीए.एल.एलबी कम्प्लीट किया।ः

### प्लाटिंग क्षेत्रों में मार्ग भूमि को आम रास्ता दर्ज कराने की मांग, महापौर एवं निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रीवा ।** शहर में अवैधानिक ढंग से हो रहे प्लाटिंग को लेकर आपत्ति जताई गई है। मामले में अधिवक्ता ने बीके माला ने महापौर अजय मिश्रा एवं निगमायुक्त डॉ सौरभ सोनवणे को ज्ञापन सौपा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न डेवलपर्स, फर्मों और प्लाटिंगकर्ताओं द्वारा आम नागरिकों को आकर्षक विज्ञापनों और आश्वासनों के माध्यम से प्लाट बेचे जा रहे है। अधिकांश प्लाटिंग में जो भूमि मूल रूप से रास्ता के रूप में नियत और आरक्षित होती है, उसे भी भूमिस्वामी तथा एग्रीमेंट करने वाले प्लाटिंगकर्ता द्वारा अवैध रूप से विक्रय कर दिया जाता है। यही कारण है कि ऐसी सैकड़ों प्रकरण वर्तमान में राजस्व न्यायालय में विचाराधीन है। अधिवक्ता ने पत्र में कहा कि शहर के अधिकांश मुख्य मार्ग, उप मार्ग, कॉलोनी मार्ग और आंतरिक गलियो का सही स्वरूप राजस्व अभिलेखों में दर्ज ही नहीं है। नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किया जाता, जिसके कारण आए दिन क्रेता-विक्रेता के बीच विवाद की स्थिति बनती है। अतः जनहित, न्यायहित में आवश्यक है कि अब तक जितनी भी प्लाटिंग हो चुकी है उन समस्त प्लाटिंग क्षेत्रों में जो भी भूमि आम रास्ते के रूप में उपयोग में लाई जा रही है, उसे राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से आम रास्ता दर्ज कराया जाए। कार्य में लापरवाही करने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी उठाई गई है।

### नदी में तीसरे दिन मिला महिला का शव

**रीवा।** नदी में डूबी महिला का तीसरे दिन शव बरामद हुआ है। एसडीआरएफ की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया जिसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया। इटमा गांव निवासी उदिया पति छोटेलाल केवट 65 वर्ष गुरुवार को घर से निकली थी जिसके बाद वे लापता हो गई। जब परिजनों ने उनको खोजने का प्रयास किया तो टमस नदी पर स्थित इटमा वाटरफाल के पास उनके कपड़े नदी के किनारे रखे मिले। महिला के नदी में डूबने की आशंका पर पुलिस को सूचना दी गई जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीआरएफ टीम द्वारा नदी का पानी बंद कराया गया था जिसके बाद शनिवार की सुबह करीब एक किमी दूर महिला का शव बरामद हो गया।

**व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य को मिलेगी मजबूती उपमुख्यमंत्री का हवाई सुविधा के लिए एक और प्रयास सफल**

# विकास को लगेंगे पंख, 22 दिसंबर से इंडिगो की सीधी फ्लाइट भरेगी उड़ान, डेढ़ घंटे में तय होगा रीवा से इंदौर का सफर

रीवा।

रीवा से इंदौर के लिए इंडिगो की नई उड़ान 22 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। विंध्य वासियों के लिए तेज और आसान हवाई सफर अब रीवा से इंदौर सिर्फ डेढ़ घंटे में पहुंच सकेंगे। 22 दिसंबर से इंडिगो अपनी नई 72 सीटर लाइट इस मार्ग पर नियमित संचालन शुरू करने जा रहा है। रीवा एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए उड़ान शुरू करने के बाद क्षेत्र के लोगों में जो भरोसा और उत्साह बढ़ा है वह बताता है कि रीवा से बड़े शहरों के लिए एयर कनेक्टिविटी कितनी तेजी से विकसित हो रही है। यह नई उड़ान रीवा एयरपोर्ट के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। क्योंकि इससे क्षेत्र का व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी यात्राओं में जबरदस्त सुधार होने वाला है। गौरतलब है कि 11 नवंबर से रीवा नई दिल्ली के लिए हवाई यात्रा शुरू की जा चुकी है।नई उड़ान एक बड़ी सौगातविंध्य क्षेत्र के लोगों के लिए है यह नई उड़ान एक बड़ी सौगात है। रीवा से दिल्ली फ्लाइट के बाद अब रीवा से इंदौर को जोड़ने वाली दूसरी महत्वपूर्ण हवाई सुविधा शुरू होने जा रही है। इस रूट के शुरू हो जाने से रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, पचा, मैहर, मऊगंज जैसे जिलों को बड़ी राहत मिलेगी। हर दिन हजारों लोग रीवा से इंदौर अस्पताल, शिक्षा, व्यवसाय और सरकारी कामों के लिए जाते हैं। पहले उन्हें 10 से 12 घंटे की सड़क यात्रा करनी पड़ती थी लेकिन अब हवा में सिर्फ डेढ़ घंटे में यह दूरी पूरी होगी। यात्रियों के लिए यह सुविधा मध्यप्रदेश एविएशन ग्रोथ का बड़ा संकेत है1 1 घंटा 45 मिनट का लगेगा समयसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंडिगो लाइट प्रतिदिन इंदौर से रीवा के लिए सुबह 11:30 बजे उड़ान भरेगी और लगभग 1:15 बजे रीवा पहुंचेगी यह समय यात्रियों के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। क्योंकि यह ना तो बहुत जल्दी सुबह का है और ना ही देर रात का टाइमिंग को मौसम, ट्रैफिक तकनीकी स्थितियों के आधार पर थोड़ा बदला जा सकता है। इसी प्रकार रीवा से इंदौर के लिए 1: 35 बजे रवाना होगी और 3: 25 बजे पहुंचेगी। यात्रा का कुल समय लगभग घंटा 45 मिनट है जो सड़क या ट्रेन यात्रा की तुलना में बेहद तेज है। इंडिगो से जुड़े सूत्रों की माने तो रीवा इंदौर इंडिगो लाइट का किराया 25 सौ से 45 सी के बीच हो सकता है। एडवांस बुकिंग और मांग के आधार पर ऊपर नीचे हो सकती है।रीवा, इंदौर दोनों ही महत्वपूर्ण शहरगौरतलब है कि रीवा और इंदौर दोनों ही महत्वपूर्ण शहर है। इंदौर मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी है तो रीवा विंध्य क्षेत्र का मुख्य केंद्र, इस हवाई सेवा के शुरू हो जाने से मेडिकल मरीज को सुरक्षित यात्रा, स्टूडेंट के लिए फास्ट कनेक्टिविटी, व्यापारियों के लिए क्रिक बिजनेस स्ट्रिप, सरकारी अधिकारियों के लिए तेज यात्रा एवं विजनेश के नए आयाम जुड़ेंगे। खास बात यह है कि अब रीवा से इंदौर पहुंचने में सिर्फ डेढ़ घंटे का समय ही लगेगा इससे रेलवे और सड़क पर दात भी काम होगा।इन जिलों के लोगों को होगी सहूलियतरीया इंदौर हवाई यात्रा शुरू हो जाने के बाद शिष्य क्षेत्र के रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, मऊगंज, मैहर के जिलों में रहने वाले लोगों को न सिर्फ सहूलियत होगी बल्कि वह आसानी से इंदौर की यात्रा कर सकेंगे। खास बात यह है कि इस उड़ान सेवा के शुरू हो जाने से नए व्यापार, स्टार्टअप, मेडिकल टूरिज्म, हाई हायर एजुकेशन, इंडसट्रियल विजिट, इमरजेंसी मेडिकल ट्रैवल के लिए बड़ी सहायता होगी। इस उड़ान को शुरू करने में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने लगातार दिल्ली और राज्य सरकार के साथ संवाद स्थापित कर रीवा एयरपोर्ट के विस्तार और इस रूट की अनुमति को आगे बढ़ाया। उनके प्रयासों से आज रीवा में अंतर उड़ानों की सुविधा उपलब्ध हुई है और आने वाले समय में और भी बड़ी फ्लाइट जोड़ने की योजना है।छोटे शहरों से जुड़ेंगे बड़े शहरआमतौर पर जितनी जल्दी बुकिंग की जाएगी टिकट उतना ही सस्ता मिलेगा लास्ट मिनिट बुकिंग में किराया बढ़ जाता है। छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों और फोजी यात्रियों के लिए कई बार विशेष किराया या छूट उपलब्ध रहती है। बता दें कि यह उड़ान बिना रीजन के लोगों के लिए वरदान साबित होगी मेडिकल, ट्रैवल, बिजनेस, मीटिंग, स्टूडेंट क्लासेस, सरकारी काम और स्पेशलिट डॉक्टर अप्वाइंटमेंट 10 से 12 घंटे की यात्रा के बजाय 90 से 110 मिनट में हो सकेंगे इससे क्षेत्र का आर्थिक विकास तेज होगा पर्यटन बढ़ेगा और छोटे शहरों को बड़े शहरों से जोड़ने का बड़ा लाभ मिलेगा।







# स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल का पुत्र होने से मुझे मिली प्रतिष्ठा - उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का किया समापन



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में खेलों के कई बड़े आयोजन होते रहे हैं। यहाँ के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा की चमक दिखाई है। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेलों से हमें प्रतिस्पर्धा और सहयोग की प्रेरणा मिलती है। खेलों में शामिल होने के साथ-साथ अच्छी खेल प्रतियोगिता को देखना भी बड़ा आनंददायक होता है। राष्ट्रीय एकता मंच ने 10 से 16 नवम्बर तक क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया। स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल जी के लिए जो हम लोग नहीं कर पाए उसे आयोजन समिति ने करके दिखा दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल का पुत्र होने पर मुझे गौरव का अनुभव होता है। मैं यदि उनका पुत्र नहीं होता तो मैं जहाँ पर हूँ वहाँ शायद नहीं होता। मेरे पिताजी के सामाजिक कार्यों और जनता की सेवा ने उन्हें यशस्वी बनाया। उनके नाम के साथ जुड़ा होने से मुझे भी बहुत प्रतिष्ठा और यश मिला। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय स्टेडियम में खेल सुविधाओं का विकास किया जाएगा। यहाँ फ्लड लाइट की सुविधा शीघ्र दी जाएगी जिससे रात में भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सके। विधायक जी गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह के प्रयासों से 1983 में रीवा में इसी स्टेडियम में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच रणजी ट्राफी प्रतियोगिता का मैच खेला गया था। अब रीवा में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स तथा अन्य स्टेडियम के रूप में खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं। बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से विन्ध्य की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। समारोह में विधायक श्री नागेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मैं सभी आयोजकों को बधाई देता हूं। खेल संयम और नियम का परिचायक होते हैं। सभी प्रतियोगिताएं खेल भावना से खेली जानी चाहिए। स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल ने सदैव खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। समारोह में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि खेल भावना से प्रतियोगिता में शामिल होने पर सफलता मिलती है। खेल हमें जीवन के संघर्ष में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में आभार प्रदर्शन नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उड़ीसा और नोएडा के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में उड़ीसा की टीम ने विजय प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री तथा विधायक गुढ़ ने विजेता टीम को 10 लाख रुपए तथा ट्राफी प्रदान की। उप विजेता रेड डेविल्स नोएडा को 5 लाख रुपए तथा ट्राफी प्रदान की गई। समारोह में खिलाड़ियों और निर्णायकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, राजगोपाल मिश्रचारी, मुकेश श्रीवास्तव तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## हृदय रोग से पीड़ित नवजात बच्चे को एयर एंबुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया मुंबई



**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन गंभीर रोगियों को बड़े अस्पतालों तक बेहतर उपचार तक पहुंचाने के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शुरू की गई इस पहल से कई गंभीर रोगियों को समय पर उपचार की सुविधा मिलने से उनके प्राणों का संकट टला है। रीवा में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित नवजात शिशु प्रारब्ध तिवारी को एयर एंबुलेंस की सुविधा देकर उपचार के लिए मुंबई भेजा गया। उसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से उपचार की निःशुल्क सुविधा दी जा रही है। बच्चे के पंजीयन के बाद अब सबसे कठिन चुनौती यह थी कि एक माह का बच्चा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है। उसके उपचार के लिए माता प्रियंका तथा पिता शशि भूषण तिवारी निवासी ग्राम मनकहरी ब्लॉक रायपुर कर्चुलियान चिंतित थे। बच्चा हृदय रोग की अति गंभीर समस्या से पीड़ित था तथा उसका शरीर पूरी तरह से नीला पड़ चुका था। उसे सांस लेने में तकलीफ थी और आक्सीजन लेवल घट रहा था। ऐसी स्थिति में बच्चे को तत्काल मुम्बई शिफ्ट कराना था। बच्चे को ऑक्सीजन पर रखकर एयर एंबुलेंस से भेजा गया। एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करने में डॉ राहुल मिश्रा अधीक्षक श्याम शाह मेडिकल कालेज, रवि सिंह का विशेष सहयोग रहा। सभी के सहयोग से बच्चे को समय पर मुंबई एयरलिफ्ट किया जा सका। टीम ने बच्चे को शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाओं के साथ मुंबई के लिए रवाना किया।

## गरीबों को कपड़े वितरित कर मनाई गई भगवान बिरसा मुण्डा जयंती



**रीवा।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में देशभर में मनाई गई। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जनशिक्षण संस्थान सुदूर पहाड़ी अंचल में बसे करियाझर गांव में गरीब जनजातीय परिवारों को कपड़े वितरित करके भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती मनाई। ग्राम करियाझर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र मिश्र ने बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि श्री बिरसा मुण्डा केवल जनजातियों के ही नहीं पूरे देश के गौरव और नायक हैं। उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष में बढ़चढ़कर भाग लेते हुए कठोर यातनाएं झेली। बिरसा मुण्डा ने छोटा नागपुर क्षेत्र में जनजातियों को संगठित करके अंग्रेजों के विरूद्ध सफल आंदोलन चलाया। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक सुनील शुक्ला ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा संघर्ष और बलिदान के प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सबको प्रेरणा देता है। आदिवासी युवा जन शिक्षण संस्थान से जुड़कर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में सीमा तिवारी, राज्यवर्धन तिवारी, राजेश मिश्रा, अर्पित कुशवाहा, अच्छेलाल वर्मा तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौ अभ्यारण्य का किया भ्रमण



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौ अभ्यारण्य का भ्रमण किया। शुक्ल ने गौ अभ्यारण्य में गायों की सेवा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शुक्ल ने गौवंश की सेवा करते हुए गायों को गुड़ और चना खिलाया तथा गौ पूजा की। इसके बाद गौशाला के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौ अभ्यारण्य प्रदेश का पहला गौ अभ्यारण्य है। इसमें लगभग आठ हजार गौवंश को आश्रय दिया गया है। इसके विकास से जुड़े निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरे कराएं। गौ अभ्यारण्य निराश्रित और असहाय गायों को आश्रय देने के साथ-साथ गोबर से खाद तथा अन्य उत्पाद बनाने के केन्द्र के रूप में भी विकसित हो रहा है। गायों को ठंड से बचाने के लिए भी समुचित प्रबंध करें। पशु चिकित्सक नियमित रूप से गायों के स्वास्थ्य की जाँच करें। बैठक में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक डॉ राजेश मिश्रा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अब तक 89499 गणना पत्रक डिजिटाइज्ड - बीएलओ घर-घर जाकर भरवा रहे गणना पत्रक



**रीवा।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है। अब सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर उसे संकलित कर रहे हैं। इन्हें संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 16 नवम्बर को शाम 4 बजे तक मतदाताओं से 89499 गणना पत्रक प्राप्त कर इसे डिजिटाइज कर लिया गया है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित कर रहे हैं। अब तक विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 8003, मनगवां में 17012, रीवा में 17449, सेमरिया में 15822, सिरमौर में 13278 तथा विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 17535 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं। सभी गणना पत्रक 20 नवम्बर तक शत-प्रतिशत डिजिटाइज करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिले भर में गणना पत्रक भरवाने के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। ग्राम गोरगांव, क्योटी, उमरी 64, मढ़ी, भलुहा, जवा तथा अन्य गांवों में भी गणना पत्रक लगातार भरवाए जा रहे हैं। रीवा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र क्रमांक 108, 111, 112, 50, 85 तथा 86 में शिविर लगाए गए। ग्राम पंचायत धौंचट में मतदान केन्द्र क्रमांक 218 तथा 219 में बीएलओ द्वारा गणना पत्रक भरवाए गए। राजस्व अधिकारियों द्वारा इन शिविरों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## नईगढ़ी में सीएमसी एलडीपी के अंतर्गत मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस



**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी मेमध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् रीवा के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक के निर्देशानुसार तथा जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (CMCLDP) के अंतर्गत बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन शासकीय ठाकुर सोमेश्वर सिंह महाविद्यालय नईगढ़ी में 16 नवम्बर को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के अभ्यर्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता पवन कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के जन्म, संघर्षपूर्ण जीवन, आदिवासी समाज के उत्थान हेतु किए गए उनके अतुलनीय योगदान तथा स्वतंत्रता आंदोलन में निभाई गई उनकी ऐतिहासिक भूमिका के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।लीड संस्था त्रिवेणी बहुद्देशीय जनकल्याण संस्था नईगढ़ी के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा आदिवासी अस्मिता, सामाजिक न्याय, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के प्रेरक प्रतीक थे। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में नेतृत्व क्षमता, सेवा की भावना एवं सकारात्मक परिवर्तन के लिए कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर राजरमन पटेल, सीमा मिश्रा, चंदन कुमार पाण्डेय, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि आशीष कुमार शुक्ला सहित कई परामर्शदाता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## कलेक्टर मऊगंज ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

मऊगंज



जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करके मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर ने ग्राम मुदरिया चौहान, मतदान केन्द्र कोन तथा तीन अन्य मततदान केन्द्रों का भ्रमण किया। कलेक्टर ने मतदाताओं के घर-घर जाकर उनसे गणना पत्रक प्राप्त होने तथा भरे जाने के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने स्वयं तीन मतदाताओं की जानकारी बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज की। कलेक्टर ने कहा कि गणना पत्रक सावधानीपूर्वक भरवाकर मतदाता से प्राप्त करें। प्राप्त गणना पत्रक तकनीकी दल के सहयोग से बीएलओ तत्काल डिजिटाइज करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, आशा कार्यकर्ता तथा ग्राम रोजगार सहायक इस कार्य में बीएलओ को पूरा सहयोग दें, जिससे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई समय सीमा में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा हो सके। मतदाता के सत्यापन के लिए वर्ष 2003 की मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची बीएलओ को उपलब्ध कराई गई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर 2003 की पूरे देश की मतदाता सूची उपलब्ध है। इसके माध्यम से मतदाता सत्यापन से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा, बीएलओ, पटवारी तथा मतदाता उपस्थित रहे। जिले भर में सभी मतदान केन्द्रों में शिविर लगाकर मतदाताओं का सत्यापन करने के लिए गणना पत्रक भरवाकर उसे डिजिटाइज किया जा रहा है।